भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1759

01 अगस्त, 2022 को उत्तर के लिए

ओडिशा में इस्पात क्षेत्र का विकास

1759. डा. सस्मित पात्रा:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओडिशा में वर्ष 2000 की तुलना में वर्ष 2022 में इस्पात उत्पादन कितना रहा;

(ख) ओडिशा में इस्पात क्षेत्र में वर्ष 2000 की तुलना में वर्ष 2022 में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश कितना रहा;

(ग) वर्ष 2000 की तुलना में वर्ष 2022 में ओडिशा में इस्पात क्षेत्र में घरेलू निवेश कितना रहा; और

(घ) देश के समग्र विकास में ओडिशा के इस्पात क्षेत्र के विकास का क्या प्रभाव पड़ा?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री (श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)

(क) वित्तीय वर्ष 1999-2000 और वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान क्रूड इस्पात के उत्पादन और प्रतिशतता परिवर्तन का ब्योरा नीचे दिया गया है:-

क्रूड इस्पात - ओडिशा		
वर्ष	उत्पादन ('000 टन में)	% परिवर्तन
1999-00*	1474	-
2021-22	23241	1476.7
स्रोत: जेपीसी; *अनुमानित		

(ख) और (ग) एफडीआई के आंकड़ों का रखरखाव प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रभाग, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) करता है। एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह के राज्य-वार आंकड़ों का रखरखाव अक्टूबर, 2019 से किया जाता है। एफडीआई डेटाबेस के अनुसार, अक्टूबर, 2019 से मार्च 2022 तक की अवधि के दौरान 'ओडिशा' राज्य में 'धातुकर्म उद्योग' क्षेत्र के 'फेरस' उप-क्षेत्र में 'शून्य' एफडीआई अंतर्वाह सूचित किया गया है। तथापि, अप्रैल, 2000 से मार्च, 2022 की अवधि के दौरान 'फेरस' क्षेत्र में सूचित एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह का ब्योरा अनुलग्नक-। में है। इस्पात क्षेत्र में घरेलू निवेश संबंधी आंकड़ों का रखरखाव नहीं किया जाता है।

(घ) समस्त भारत की तुलना में ओडिशा में क्रूड इस्पात उत्पादन का ब्योरा नीचे दिया गया है:-

वर्ष	क्रूड इस्पात उत्पादन		
	ओडिशा	भारत	ओडिशा की शेयर प्रतिशतता
	(एमटी)	(एमटी)	
2018-19	16.97	110.92	15.3%
2019-20	20.25	109.14	18.6%
2020-21	21.43	103.54	20.7%
2021-22	23.24	120.29	19.3%
स्रोत: जेपीसी; एमटी=मिलियन टन;			

****

अनुलग्नक I

अप्रैल 2000 से मार्च 2022 तक एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह

क्षेत्र धातुकर्म उद्योग

उप-क्षेत्र फेरस

क्र.सं.	**वर्ष**	**यूएसडी मिलियन में एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह**
1	2000-01 अप्रैल-मार्च	19.1
2	2001-02	1.6
3	2002-03	0.5
4	2003-04	0.0
5	2004-05	0.8
6	2005-06	1.9
7	2006-07	27.8
8	2007-08	1.3
9	2008-09	69.2
10	2009-10	120.7
11	2010-11	555.5
12	2011-12	1125.2
13	2012-13	234.5
14	2013-14	6.4
15	2014-15	3.5
16	2015-16	0.0
17	2016-17	0.0
18	2017-18	0.0
19	2018-19	70.3
20	2019-20	0.0
21	2020-21	0.0
22	2021-22	0.0
	कुल योग	2238.4
स्रोत: डीपीआईआईटी		

****